an>

title: Regarding stoppage of trains at Shandila station.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख के कस्बा सण्डीला की ओर आकर्षÂि◌ात करना चाहती हूँ। महोदया, सण्डीला से काफी श्रद्धालु माँ वैÂष्णों देवी के दर्शन हेतु जम्मू आते-जाते रहते हैं। लेकिन सण्डीला रेलवे स्टेशन पर जम्मू आने-जाने वाली रेलगाड़ियों का ठहराव न होने के कारण, वहां के श्रद्धालुओं को वैÂष्णों देवी की यात्रा के दौरान जम्मू आने-जाने के समय काफी दिक्कतों का समना करना पड़ता है। जिस कारण से यहां श्रद्धालुओं और आम जनता में काफी रोÂष है। अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूँ कि सण्डीला के श्रद्धालुओं की समस्याओं को देखते हुए सण्डीला से जम्मू आने-जाने हेतु सण्डीला रेलवे स्टेशन पर अमरनाथ एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित कराएं।

HON. SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shrimati Anju Bala.